भारतीय श्रमिकों की उत्पादकता में वृद्धि करना

5348. प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत चार दशकों में भारतीय श्रमिकों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है,

(ख) यदि हां, तो यह वृद्धि कितने प्रतिशत है,

(ग) क्या उत्पादकता की वर्तमान दर भारतीय व्यापार को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार की प्रतिस्पर्द्धा में सफल बनाने के लिए पर्याप्त है,

(घ) यदि नहीं, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है,

(ङ) क्या सरकार ने देश में श्रमिक उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए वर्तमान श्रम-नीति में संशोधन करने पर विचार किया है, और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की भावी योजना क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) : (क) और (ख) श्रम उत्पादकता को प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष आंकी गयी निवल कीमत के रूप में परिभाषित किया गया है। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद ने 1973--89 की अवधि के लिए भारतीय विनिर्माण उद्योग के सम्बन्ध में श्रम उत्पादकता पर एक अध्ययन किया है जिसमें 43 विनिर्माण उद्योग समूह शामिल किए गए थे। 1974 तथा 1989 की अवधि के बीच (1981-82 मूल्यों पर) भारतीय विनिर्माण उद्योगों में श्रम उत्पादकता में वृद्धि दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है; (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) श्रम उत्पादकता ही केवल एक ऐसा कारक है जो अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रतियोगितात्मकता निर्धारित करता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की सफलता विभिन्न अन्य कारकों जैसे मूल्यों, उत्पादों की विपणनता, निर्यात प्रोत्साहन, कर ढांचे, प्रबन्धकीय उत्पादकता, समग्र आर्थिक नीति, राजनीतिक सोच-विचार इत्यादि पर निर्भर है।

(ङ) और (च) श्रम मंत्रालय, उत्पादकता में बढ़ोतरी, रोजगार सृजन में वृद्धि तथा सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य से एक नया औद्योगिक-सम्बन्ध कानून तैयार कर रहा है।

विवरण

1981-82 के मूल्यों पर भारतीय विनिर्माण में श्रम उत्पादकता वृद्धि (1974-89)

कोड	विनिर्माण उद्योग	1974–75 (रु० हजारों में)	1989–90 (रु० हजारों में)	वृद्धि दर
1	2	3	4	5
20–21	खाद्य उत्पाद	7.53	22.18	6.99
206	चीनी परिशोधन	8.05	36.02	9.82
210	हाइड्रोजनयुक्त वनस्पति	19.31	37.15	4.17
22	पेय तम्बाकू उत्पाद	13.37	9.68	–2.00

1	2	3	4	5
23	सूती वस्त्र	11.18	18.88	3.33
24	ऊन, रेशम, सिंथेटिक फाइबर वस्त्र	15.14	40.86	6.40
25	जूट, हीप तथा मेस्ता वस्त्र	6.87	7.95	0.92
26	वस्त्र उत्पाद	13.35	24.91	3.98
27	काष्ठ तथा काष्ठ उत्पाद फर्नीचर तथा जुड़नार	9.29	11.98	1.60
28	कागज, कागज उत्पाद तथा छपाई	18.91	23.42	1.35
280	लुग्दी कागज तथा बोर्ड	36.53	35.79	−0.46
29	चमड़ा तथा फर उत्पाद	15.82	16.2	0.15
30	रबड़ तथा प्लास्टिक	42.62	78.95	3.93
31	रसायन तथा उत्पाद	37.21	66.43	3.69
310	मौलिक तथा औद्योगिक गैसें	49.76	64.58	1.64
311	उर्वरक तथा कीटनाशक	38.67	95	5.78
312	रंग तथा वार्निश	42.49	24.23	−3.45
313	औषधी तथा दवाइयां	27.79	33.9	1.25
32	गैर-धातुयिक खनिज उत्पाद	11.84	22.4	4.07
320	संरचनातमक क्ले उत्पाद	8.18	7.44	−0.59
321	कांच तथा कांच उत्पाद	9.7	23.68	5.74
324	सीमेंट, चूना तथा प्लास्टर उद्योग	17.52	54.13	7.30
33	मूल धातु तथा मिश्र धातु	28.7	37.44	1.68
330	लौह तथा इस्पात उद्योग	23.27	39.81	3.41
331	ढलाई के लिए ढलाई घर	20.5	27.01	1.74
332	फैरस अलाय	45.32	44.78	−0.07
333	तांबा विनिर्माण	34.86	32.55	−0.43
335	एल्यूमिनियम विनिर्माण	3.01	104.48	7.89
336	जिंक विनिर्माण	79.3	61.44	−1.58
34	धातु उत्पाद तथा पुर्जे	16.56	21.76	1.72
35	मशीनी औजार तथा पुर्जे	22.28	37.35	3.28
350	खेतीहर मशीनरी	21.18	46.93	5.10
352	प्राइम मूवर तथा बॉयलर	32.59	34.59	0.37
353	खाद्य तथा वस्त्र संबंधी औद्योगिक मशीनें	21.52	41.92	4.26
354	खाद्य उद्योग की मशीनों से भिन्न अन्य औद्योगिक मशीनें	15.41	36.7	5.57
355	प्रशीतन तथा वातानुकूलन	17.98	59.45	7.76
357	मशीनी औजार तथा पुर्जे	17.87	25.98	2.37
30	विद्युत मशीनरी	21.23	54.13	6.02

1	2	3	4	5
360	विद्युत उद्योग मशीनरी	1.32	56.3	5.12
37	परिवहन उपस्कर	0.7	34.83	3.84
374	मोटर वाहन	4.12	44.27	2.65
375	मोटर साईकल एवं स्कूटर .	.88	24.96	2.87
376	साईकल के पुर्जे	.75	17.27	3.01
38	अन्य विनिर्माण उद्योग	.89	45.29	8.72

Releasing of bonded child labourers

5349. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA :

SHRI ANANT RAM JAISWAL :

Will the Minister of LABOUR be pleased to state :

(a) whether Government have started any special 'abhiyan' to release the bonded child labourers working in various industries particularly in Kalin Industry in the country;

(b) if so, what is the total number of the child labourers released during the last four months, State-wise, labour-wise and industry-wise;

(c) what is the number of child labourers who are yet to be released and what steps Government purpose to take to release the total child labourers and to abolish this system from all the States of the country entirely ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI, PABAN SINGH GHATOWAR) : (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House. 15—26 RSSi/95

मध्य प्रदेश में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार व्यक्ति

5350. श्री दिलीप सिंह भूरिया : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में विभिन्न रोजगार केन्द्रों में श्रेणी-वार तथा वर्ष-वार कितने-कितने बेरोजगार पंजीकृत किए गए;

(ख) इसमें से आदिवासी, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कुल कितने-कितने व्यक्ति हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उनमें से कितने अभ्यर्थियों को सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी नौकरियों के साक्षात्कार हेतु बुलाया गया था;

(घ) प्रत्येक रिक्ति के लिए अभ्यर्थियों के चयन के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किया गया है; और

(ङ) इस समय विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत कुल कितने आवेदक पंजीकृत हैं?

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) : (क) से (ङ) 1989, 1990 तथा 1991